कार्यालय पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर

क्रमांकः– ई–मेल दिनांकः– 05.04.2019

श्रीमान् अति. महानिदेशक पुलिस
(अपराध शाखा) राजस्थान जयपुर।

विषयः– सीएम हेल्पलाईन 181 परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार के परिवाद के संबंध में।
प्रसंगः– सीएम हेल्पलाईन संख्या 03190675341305 दिनांक 26.03.2019 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगीय पत्र के सन्दर्भ में निवेदन है कि सी.एम. हैल्पलाईन 181 परिवादी श्री ज्ञानेश कुमार द्वारा प्रेषित परिवाद की जांच सहायक पुलिस आयुक्त यातायात (प्रोटोकॉल) जयपुर से करवाई गई। मुताबिक जांच रिपोर्ट परिवादी से सम्पर्क किया गया तो उसने उपस्थित आने से मना कर दिया। परिवाद के संबंध में यातायात जयपुर के चारों क्षेत्रो मे केन हाउस पर तैनात मुख्य आरक्षियों के बयान लेखबद्ध किये जाकर विस्तृत पूछताछ की गई। प्राईवेट केनों की तैनातगी के बारे में मालुमात किया गया तो पाया कि पुलिस लाईन में केन उपलब्ध है लेकिन उन पर प्रशिक्षित चालक नहीं होने के कारण उनको काम में नहीं लिया जा रहा है अतः विभाग की केन पर पुलिस के चालक प्रशिक्षित किये जा रहे है। प्रशिक्षित चालक उपलब्ध होते ही विभाग की केनो को संचाालित करवाया जाकर प्राईवेट केनो को हटवा दिया जावेगा।

रिपोर्ट श्रीमान की सेवामें प्रेषित है।

भवदीय

सहायक पुलिस आयुक्त (प्रोटोकॉल)
नोडल अधिकारी यातायात जयपुर